an>

title: Need to set up AIIMS like institute in Purnia district, Bihar.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) : पिछले आम बजट में केंद्र सरकार ने बिहार के लिए एक और एम्स का बजट में प्रावधान किया था। बिहार विधान सभा आम चुनाव 2015 के पहले कैबिनेट द्वारा इसकी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है किंतु बिहार की आम जनता को इस नये एम्स के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है। बिहार एक अति पिछड़ा प्रदेश है। राज्य की आबादी लगभग 19 करोड़ से भी अधिक है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी वहां इतनी बड़ी आबादी को सरकारी स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करने में काफी कमी है। केंद्र सरकार का यह कदम स्वागतयोग्य है किंतु आम जनता को घोषणा नहीं काम चाहिए। बिहार की जनता को एम्स चाहिए।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि केंद्र द्वारा घोषित एम्स को जल्द से जल्द कार्य रूप में लाया जाए और इसकी स्थापना के लिए प्राथमिकता सीमांचल और खासकर पूर्णिया का दी जाए, क्योंकि पूर्णिया सीमाचंल का मुख्य केंद्र बिंदु है। यदि यहां पर एम्स स्थापित होता है तो पूरे सीमांचल क्षेत्र के साथ-साथ सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के कई जिले भी इससे लाभान्वित होंगे।